भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 296
उत्तर देने की तारीख-05/02/2024

केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में संकाय तथा 'प्रेरणा' योजना के लाभार्थी

296. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में संकायों का सामाजिक श्रेणी- वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत चार वर्षों के दौरान 'प्रेरणा' योजना के लाभार्थियों की कुल संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत चार वर्षों के दौरान विशेषरूप से तमिलनाडु में 'प्रेरणा' योजना के अंतर्गत आवंटित धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) दिनांक 01.01.2024 की स्थिति के अनुसार शिक्षा मंत्रालय के दायरे में 46 केंद्रीय विश्वविद्यालयों (सीयू) में सामाजिक श्रेणीवार पदस्थ संकायों का ब्यौरा इस प्रकार है: -

46 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सामाजिक श्रेणीवार संकायों के भरे पद			
अनुसूचित जाति	**अनुसूचित जनजाति**	**अन्य पिछड़ा वर्ग**	**ईडब्ल्यूएस**
1518	666	2065	230

(ख) और (ग) प्रेरणा योजना एआईसीटीई द्वारा उन संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी जो गेट/जीपीएटी/कैट/सीएमएटी/टीओईएफएल/आईईएलटीएस और जीआरई के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों को प्रोत्साहित करने और प्रशिक्षित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से प्राप्त सूचना के अनुसार, यह योजना वर्ष 2017-18 में शुरू की गई थी और लगातार तीन वर्षों (2017-18, 2018-19 और 2019-20) के बाद संपन्न हुई थी और इस योजना में अंतिम भुगतान शैक्षणिक वर्ष 2019-20 के लिए किया गया था जिसे मार्च 2020 में संवितरित किया गया था। लाभाथयों को जारी की गई निधियों का ब्यौरा अनुलग्नक-1 में दिया गया है। पिछले चार वर्षों में उक्त योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को कोई भुगतान जारी नहीं किया गया था।

****

<u>**अनुलग्नक-1**</u>

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में संकायों और प्रेरणा योजना के लाभार्थियों के संबंध में माननीय लोक सभा सदस्य डॉ. कलानिधि वीरास्वामी द्वारा दिनांक 05.02.2024 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 296 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक				
उन राज्यों के नाम जिन्हें वर्ष 2019- 2020 के लिए भुगतान प्राप्त हुआ	भुगतान प्राप्त करने वाले संस्थानों की संख्या	नाम के साथ भुगतान प्राप्त करने वाले संस्थानों का नाम	जारी की गयी निधि (रुपये लाख में)	वर्ष
आंध्र प्रदेश	3	लेंडी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी	465000	2019-20
		एनआरआई प्रौद्योगिकी संस्थान	365000	2019-20
		राघवेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आरआईपीईआर)	523333	2019-20
गुजरात	1	बिड़ला विश्वकर्मा महाविद्यालय	550000	2019-20
हरियाणा	1	जे सी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय	695000	2019-20
कर्नाटक	3	अटरिया प्रौद्योगिकी संस्थान	443333	2019-20
		बल्लारपुर प्रौद्योगिकी संस्थान	600000	2019-20
		एनएमएएम प्रौद्योगिकी संस्थान, (एनआईटीई)	716667	2019-20
मध्य प्रदेश	1	वेदिका कॉलेज ऑफ बी फार्मेसी	401667	2019-20
महाराष्ट्र	8	अंजुमन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी	550000	2019-20
		गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी	766667	2019-20
		पद्मभूषण वसंतदादा पाटिल प्रतिष्ठान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग	720000	2019-20
		प्रो राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च	255000	2019-20
		संजीवनी सरल एजुकेशन सोसाइटीज का संजीवनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग	566666	2019-20
		सूर्योदय कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी	534667	2019-20
		टर्ना पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्टस का टर्ना इंजीनियरिंग कॉलेज	812500	2019-20
		विद्या प्रतिष्ठान कमलनयन बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बारामती	553000	2019-20
राजस्थान	1	विवेकानंद प्रौद्योगिकी संस्थान	654667	2019-20
तेलंगाना	5	अनुराग इंजीनियरिंग कॉलेज	783667	2019-20
		सीएमआर इंजीनियरिंग कॉलेज	525000	2019-20
		सीएमआर प्रौद्योगिकी संस्थान	587500	2019-20
		सेंट पीटर इंजीनियरिंग कॉलेज	625000	2019-20
		वीएनआर विज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी	793333	2019-20
उत्तराखंड	1	तुलस संस्थान	568333	2019-20
	संस्थानों की कुल संख्या = 24		**कुल = 14056000**	

*****